तापमान

अधिकतम 40.8 डिग्री से.
न्यूनतम 25.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

12 अफसरशाही के आगे सांसद बेबस, राज्यसभा ...



12 आधे घंटे की बरसात से शहर पानी-पानी ...



## खबर संक्षेप

### केयू ने 5 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने मई 2026 में आयोजित 5 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया घोषित किए गए परिणामों में बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) छठा सेमेस्टर, एम.ए. (शिक्षा) चौथा सेमेस्टर, एम.टेक. (एप्लाइड जियोलॉजी) चौथा एवं छठा सेमेस्टर तथा एम टेक (एनर्जी) चौथा सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं।

### युवक से प्रतिबंधित दवाई के 720 कैप्सूल बरामद

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो यूनिट अंबाला ने गांव मंडोली के पास नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार युवक को 720 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया। प्रभारी इंस्पेक्टर महरुफ अली ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक उत्तर प्रदेश से नशीले कैप्सूल लेकर आएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सहारनपुर के गांव इस्माइलपुर निवासी उस्मान के रूप में हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अश्लील वीडियो की धमकी देकर बुजुर्ग से 2.5 लाख ठगे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 65 वर्षीय बुजुर्ग से ढाई लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी कि छह जुलाई को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने वीडियो कॉल करने के लिए कहा। भरोसा करने पर वीडियो कॉल के दौरान उसकी आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर ली गई। इसके बाद आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ढाई लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### जमीनी विवाद के चलते पिता-पुत्र पर हमला

**यमुनानगर।** गांव रपोली में जमीनी विवाद के चलते आधा दर्जन आरोपियों ने पिता पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रपोली निवासी चंद्रशेखर ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही सचिन व बलवंत के साथ किसी बात को लेकर जमीनी विवाद चल रहा है। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखे हुए हैं। एक जुलाई को दोपहर 12 बजे वह अपने लड़के के साथ खेत में काम कर रहा था। इस दौरान आरोपी सचिन ने अपने परिवार के सदस्यों बलवंत, मनप्रीत, हीरालाल, गुरजीत व जसविंदर के साथ मिलकर उन पर कसी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।

### पानीपत में महिला नशा तस्कर पकड़ी

**पानीपत।** पानीपत में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव खोतपुरा में गढ़ सरनाई मोड़ पर महिला नशा तस्कर सोनू पत्नी अजयपाल निवासी करनाल को 26.77 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी सोनू के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं सोनू को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लेकर उसे नशा सप्लाई करने वाले को पकड़ने का प्रयास करेगी।

टेक्सटाइल, एमएसएमई और बेहतर कनेक्टिविटी के चलते मिली सफलता

# नीति आयोग के स्मॉल सिटी इनिशिएटिव के लिए 'पानीपत' बना पायलट शहर

**नीति आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर अन्ना रॉय ने अधिकारियों के साथ विकास रणनीति पर की बैठक**

**विकसित भारत-2047 विजन के तहत औद्योगिक विकास, निवेश और आधारभूत ढांचे पर फोकस**

- पानीपत को मिलेगा आर्थिक विकास का नया रोड मैप
- टेक्सटाइल हब से ग्रोथ इंजन तक, नीति आयोग ने पानीपत के लिए तैयार की रणनीति
- उद्योग, रोजगार, आधारभूत ढांचे को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** नीति आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर अन्ना रॉय, पानीपत प्रशासन के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत सरकार के नीति आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर अन्ना रॉय ने मंगलवार को जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्मॉल सिटी इनिशिएटिव विषय पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने की। बैठक में नीति आयोग के विकसित भारत-2047 विजन के तहत छोटे शहरों के सुनियोजित आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार, आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने और क्षेत्रीय संतुलित विकास की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नीति आयोग ने देशभर के कई शहरों के अध्ययन के बाद पानीपत को पायलट शहर के रूप में चयनित किया है। पानीपत की मजबूत औद्योगिक पहचान, विशेषकर टेक्सटाइल और एमएसएमई सेक्टर, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी तथा क्षेत्रीय आर्थिक महत्व को देखते हुए इसे इस महत्वाकांक्षी पहल में शामिल किया गया है।बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को आधारभूत ढांचे, औद्योगिक गतिविधियों, पर्यावरण, नगर नियोजन, परिवहन, वित्त, जलापूर्ति, सीवरेज, रोजगार, कौशल विकास, निवेश, भूमि उपयोग तथा भविष्य की विकास परियोजनाओं से संबंधित विस्तृत आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इन आंकड़ों के आधार पर पानीपत के लिए एक व्यापक आर्थिक विकास योजना तैयार की जाएगी, जो अन्य छोटे शहरों के लिए भी मॉडल बनेगी। इस अवसर पर नीति आयोग की प्रोग्राम डायरेक्टर अन्ना रॉय ने कहा कि स्मॉल सिटी इनिशिएटिव का उद्देश्य छोटे शहरों की स्थानीय विशेषताओं, औद्योगिक क्षमता और मानव संसाधनों का वैज्ञानिक मूल्यांकन कर ऐसा विकास मॉडल तैयार करना है, जो आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन, निवेश आकर्षित करने और बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायक हो। उन्होंने कहा कि पानीपत अपने मजबूत टेक्सटाइल उद्योग, एमएसएमई नेटवर्क, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय आर्थिक महत्व के कारण इस पहल के लिए आदर्श शहर है। विभिन्न विभागों के सहयोग से तैयार होने वाला यह मॉडल भविष्य में देश के अन्य छोटे शहरों के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

### तालमेल और समन्वय के साथ आवश्यक सूचनाएं और आंकड़े उपलब्ध करवाएं

उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि नीति आयोग की इस महत्वाकांक्षी पहल के लिए पानीपत का पायलट शहर के रूप में चयन होना जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पानीपत की औद्योगिक पहचान, विशेषकर टेक्सटाइल उद्योग, एमएसएमई क्षेत्र, बेहतर कनेक्टिविटी और आर्थिक संभावनाओं को देखते हुए यह पहल शहर के विकास को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल और समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में आवश्यक सूचनाएं और आंकड़े उपलब्ध करवाएं, ताकि पानीपत के समग्र, संतुलित और योजनाबद्ध विकास के लिए प्रभावी रोडमैप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास योजना तैयार करते समय आधारभूत सुविधाओं, औद्योगिक विस्तार, रोजगार के अवसरों, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक सेवाओं और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि स्मॉल सिटी इनिशिएटिव के तहत तैयार होने वाली विकास योजना से पानीपत में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नए रोजगार अवसर पैदा होंगे और शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। यह पहल पानीपत को विकसित भारत-2047 के विजन के तहत एक सशक्त आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप, सिविल सर्जन विजय मलिक सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



**अंबाला।** चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, 20 बाइक बरामद

**अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और सहारनपुर में फैला नेटवर्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट (एवीटी) सेल ने अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर सहित कई जिलों में बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिलासपुर निवासी अनिल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अब तक चोरी की 20 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।डीएसपी जगबीर मलिक ने बताया कि अंबाला शहर, महेश नगर और अंबाला छावनी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए एवीटी सेल को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षक ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुई, जिसके संबंध में थाना महेश नगर में मामला दर्ज था। आरोपी ने करीब 35 बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। वह चोरी की बाइक उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में बेचता था। आरोपी पहले सहारनपुर जेल में करीब 18 महीने की सजा भी काट चुका है

## कार ने बुलेट को मारी टक्कर, युवक की मौत

**पंजोखरा साहिब रोड पर एजी रिसॉर्ट के पास हुआ हादसा, दो दोस्त घायल**

**अंबाला।** पंजोखरा साहिब रोड स्थित एजी रिसॉर्ट के पास रात तेज रफ्तार कार ने बुलेट बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन दोस्त सड़क पर दूर जा गिरे। पंजाब के अबोहर के सुपनदीप सिंह (19) की मौत हो गई।जबकि मोहाली के रानी माजरा निवासी विपिन सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल से चंडीगढ़ पीजीआई भेजा गया है। जींद के मोहम्मद दिलशाद (21) को चोट आई। पंजोखरा थाना पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घायल जींद के मोहम्मद दिलशाद (21) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह और उसका दोस्त सुपनदीप सिंह पिछले एक साल से पंजोखरा साहिब में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। हंडेसरा स्थित स्वराज प्लांट नंबर-3 में नौकरी करते हैं। रात को वह दोनों अपने एक अन्य दोस्त विपिन सिंह के साथ बुलेट पर सवार होकर किसी काम से बलदेव नगर गए थे। इस दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस अब लापरवाह वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### रंजिश में दर्जनभर युवकों ने दो दोस्तों पर किया हमला

- पुलिस ने 11 आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर की शिव कॉलोनी कैंप में रंजिश के चलते करीब दर्जन भर युवकों ने दो दोस्तों पर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपियों पर उनका पर्स छीनने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रणजीत कॉलोनी कैंप निवासी दीक्षित ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही नितिन व कालू डांसर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। मगर इसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। दीक्षित ने बताया कि पांच जुलाई को रात 10 बजे वह दोस्त दीपिश अरोड़ा के साथ शिव कॉलोनी में किसी काम से गया था। नितिन व कालू डांसर मिले। आरोपियों ने अपने साथियों सुनील, गौरव, संदीप, मुकेश, मिर्ची, राहुल पंडित, गोलू कश्यप, नमकीन व विशाल के साथ मिलकर उन्हें रास्ते में रोक लिया और उन पर रंजिश के चलते लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया था।

### लग्जरी कार के नाम पर 31 लाख ठगने वाला गिरफ्तार



**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने सस्ती लग्जरी कार दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। कृष्णा गेट थाना पुलिस ने रोहतक निवासी रूपकण शर्मा को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डेरा संत सिंह निवासी शिक्षक दिलबाग सिंह ने शिकायत दी थी कि आरोपी ने फॉर्च्यूनर कार दिलाने के नाम पर उनसे 31 लाख रुपये लिए थे। आरोपी ने न तो कार दी और न ही पूरी रकम लौटाई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया, जहां उससे 30 हजार रुपये बरामद हुए। बाद में आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दहेज विवाद में हत्या करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




**करनाल।** निसिंग थाना पुलिस ने हत्या मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव कुचपुरा निवासी ऋषिपाल और सागर के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।पुलिस के अनुसार, गांव रायसन निवासी अमृत लाल ने शिकायत दी थी कि उसकी बहन मंजीत कौर उर्फ मंजू की शादी कुचपुरा निवासी मनीष से हुई थी। ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उसे परेशान करता था। पांच जुलाई की रात सूचना मिलने पर अमृत लाल अपने भाइयों के साथ बहन को लेने कुचपुरा पहुंचा। आरोप है कि बस अड्डे के पास आरोपियों ने गाड़ी रोककर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें जसविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## कुरुक्षेत्र: महक का भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयन, चीन में दिखाएंगी दम

**ग्रामीण परिवेश से निकलकर कड़ी मेहनत के दम पर हासिल की बड़ी सफलता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



महक की वापसी पर गांव में भव्य स्वागत की तैयारी, बेटी को क्षेत्रभर से मिल रहीं शुभकामनाएं

1 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक शांगलुओ, चीन में आयोजित हो रही वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए गांव अमीन की होनहार खिलाड़ी महक का चयन हुआ है।वे वॉलीबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम में जगह बनाकर कुरुक्षेत्र और हरियाणा का नाम रोशन कर रही है। महक का चयन अंडर-18 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में होने पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।इस उपलब्धि पर समाजसेवी महीपाल फूले ने महक, उसके माता-पिता और पूरे परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद महक ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर भारतीय टीम में स्थान बनाया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि महक ने कम उम्र में ही वैश्विक स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। महीपाल फूले ने बताया कि महक इस समय वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश गई हुई है। उन्होंने कहा कि उसकी सफलता से ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य प्रतिभाशाली बेटियों को भी खेलों में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिलेगी। महक की स्वदेश वापसी पर पूरे क्षेत्र में उसके भव्य स्वागत की तैयारी की जाएगी। इस अवसर पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह, राम कुमार राहुल, विकास सिंहमार, पंजाब सिंह, रोशन लाल तथा केडी कॉन्वेंट स्कूल के प्राचार्य बलविंदर सिंह ने भी महक को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महक ने अपनी उपलब्धि से पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

**शिक्षा का लक्ष्य ज्ञान, कौशल और सकारात्मक सोच का विकास: प्रो. सोमनाथ सचदेवा**

*अप्रेंटिसशिप इंटीग्रेटेड डिग्री में प्रशिक्षण के साथ मिलेगा स्टाइपेंड*

## केयू ने स्किल व मानव रचना विश्वविद्यालय से किया एमओयू, कौशल आधारित शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

- एमओयू से शोध, नवाचार, इंटर्नशिप, छात्र-संकाय विनिमय और कौशल विकास कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस विभाग की ओर से सीनेट हॉल में आमंत्रित व्याख्यान एवं एमओयू हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, श्री विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय और मानव रचना विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण का समग्र विकास करना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (बीओएटी) के सहयोग से 10 से अधिक अप्रेंटिसशिप इंटीग्रेटेड डिग्री कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रशिक्षण के साथ प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये तक का स्टाइपेंड भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल को शुरू करने वाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का पहला और देश का दूसरा विश्वविद्यालय है।मुख्य वक्ता एवं श्री विश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत व्यावहारिक कौशल और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण समय की मांग है। केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगारोन्मुखी शिक्षा भी आवश्यक है।एमओयू के तहत तीनों संस्थान शिक्षण, संयुक्त अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, कौशल विकास, छात्र एवं संकाय विनिमय, इंटर्नशिप, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में सहयोग करेंगे।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर प्रो. वाइस चांसलर डॉ. नरेश ग्रोवर, कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार, डॉ. मीनाक्षी खुराना, प्रो. संजीव अग्रवाल, डॉ. आरके अरोड़ा, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. अनुरेखा, प्रो. जीपी दुबे, डॉ. ज्योति राणा, डॉ. मोनिका गोयल, डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्रो. नीरा राघव, प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. परमेश कुमार, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, प्रो. मुकेन्द्र कादियान, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. सुखबीर खोखरा, डॉ. पुनीत बंसल, डॉ. मनीष देवगन, डॉ. प्रभजीत कौर, डॉ. ललिता सहित शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- परिजनों का आरोप, बेटी के साथ शादी के बाद से लगातार मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस्माईलाबाद थाना क्षेत्र के गांव लोटनी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके पक्ष ने इस मामले में उसके पति, सास और ससुर पर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि बेटी के साथ शादी के बाद से लगातार मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी। घटना की सूचना मिलने पर परिवार मौके पर पहुंचा तो महिला के शरीर पर चोटों के कई निशान मिले। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति, सास व ससुर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैथल के पुंडरी निवासी मुनीश ने बताया कि उसकी बहन नीति की शादी वर्ष 2013 में गांव लोटनी निवासी गुलाब सिंह से हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। आरोप है कि शादी के बाद से गुलाब सिंह शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था। कई बार पंचायतें भी हुईं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं आया। करीब एक वर्ष पहले भी मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था, जिसके बाद शिकायत पर पंचायत के जरिए समझौता कराया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात करीब 11:50 बजे जीजा का फोन आया कि आपकी बहन मर चुकी है, आकर उसे ले जाओ। इसके बाद परिजन रात में ही गांव लोटनी पहुंचे, जहां नीति घर में मृत अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि उसके शरीर पर चोटों के निशान थे और पति, सास तथा ससुर मौके पर मौजूद थे। उनका आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसकी हत्या की है।

## मेघों की मेहरबानी से पारा लुढ़का, गर्मी और उमस से लोगों को मिली राहत

# दूसरे दिन भी जिले में रुक-रुक कर हुई बारिश, धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

### मौसम का बदला मिजाज, अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में दूसरे दिन मंगलवार को भी दिन भर रुक रुक कर कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश होती रही। जिसकी वजह से मौसम में ठंडक बनी रही और लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। जिले में दूसरे दिन रुक-रुक कर हुई बारिश की वजह से कई जगह सड़कों और गलियों में कीचड़ फैल गया। इसकी वजह से लोगों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। दूसरी ओर, लगातार दो दिन हुई हल्की बारिश के बाद धान की रोपाई में तेजी आ गई है। किसान घर से निकल कर अपनी खेतों में काम पर लग गए हैं। लगातार दो दिन से आसमान में बादल छाए रहने के साथ ही बूंदाबांदी हल्की बारिश होने से किसान खुश हैं। उन्होंने इसे धान की रोपाई के लिए लाभदायक बताया है।



यमुनानगर। मंगलवार को दोपहर के समय हुई हल्की बारिश के बीच में भींगते हुए अपने गंतव्य की ओर जातीं स्कूटी सवार। फोटो : हरिभूमि

#### धान रोपाई के लिए बारिश बनी वरदान

किसान राजपाल, महेंद्र सिंह, सतबीर सिंह, कुलबीर सिंह, रवि कुमार, बलबीर सिंह, पवन कुमार व रविंद्र आदि ने बताया कि इस समय धान की रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में बारिश का होना धान की रोपाई के लिए सोने पर सुहागा है। क्योंकि बारिश होने से खेतों की सिंचाई करने में कम समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि भले ही दो दिन से बुंदाबांदी व हल्की बारिश ही रही है। मगर इससे उनकी गन्ना समेत अन्य फसलों को भी लाभ मिला है।

मंगलवार को सुबह के वक्त आसमान साफ था और मौसम में गर्मी व उमस बनी हुई थी। मगर दोपहर के समय आसमान में बादल छा गए और बूंदाबांदी शुरू हो गई। इस दौरान जिले में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश हुई। खास बात यह रही कि मंगलवार को दोपहर से लेकर शाम तक आसमान में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने से मौसम सुहवाना बना रहा। गर्मी और उमस से राहत मिलने से लोग खुश नजर आए। कई जगह गलियों में बच्चे बारिश में भींगकर खेलते नजर आए।

जिले में मंगलवार को दूसरे दिन भी हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26

## होने लगी है बारिश, युद्धस्तर पर चलाएं नालों की साफ-सफाई का कामः गुप्ता

- सीटीएम पीयूष गुप्ता ने विष्णु नगर, रेलवे कॉलोनी लाजपत नगर समेत विभिन्न क्षेत्रों में नालों का निरीक्षण कर जांची व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून की आहट के साथ ही शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। उसका प्रयास है कि बरसात के मौसम में आम जनता को किसी तरह की परेशानी न हो।

इसी कड़ी में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने शहर के विभिन्न इलाकों विष्णु नगर, रेलवे कॉलोनी, लाजपत नगर समेत कई क्षेत्रों में नालों का निरीक्षण कर निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीटीएम ने नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता अरविंद कुमार, सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ नालों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नालों की सफाई व्यवस्था में जहां कमियां दिखाई दी, उन्हें तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए, जिससे की अधिक बारिश होने पर जलभराव की समस्या पैदा न हो। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख और छोटे नालों की सफाई का काम युद्धस्तर चलाएं। साथ ही उन्होंने सीवरेज ब्लॉकेज की शिकायतों को तुरंत दूर करने के आदेश दिए। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने स्थानीय निवासियों से भी सीधे बातचीत की और जलभराव के संबंध में उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।



यमुनानगर। विष्णुनगर में नाले की सफाई का निरीक्षण करते सीटीएम पीयूष गुप्ता।

#### आमजन का सहयोग भी बेहद जरूरी

सीटीएम ने कहा कि प्रशासन अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रहा है। लेकिन इसमें आमजन का सहयोग भी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से नालों में पॉलिथीन, प्लास्टिक और अन्य ठोस कचरा नहीं फेंकने का आग्रह किया। उन्होंने समझाया कि कचरा फेंकने से नाले ब्लॉक हो जाते हैं। जिससे मामूली बारिश में भी पानी सड़कों और घरों में घुस जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल निकासी के कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी फील्ड में रहकर नियमित नालों व सीवरेज सफाई का जायजा लें। जहां भी सीवरेज व नाला ब्लॉक नजर आए वहां पर तुरंत उसकी सफाई कराएं। ताकि बारिश होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

## दुकानदार ने काम देने के बहाने किया दुष्कर्म

### आरोपी दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज

#### वीडियो वायरल करने की धमकी देने का भी महिला ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के बूडिया चौक स्थित एक दुकानदार ने महिला को दुकान पर काम देने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी दुकानदार पर उसकी अश्लील वीडियो बनाने व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2023 में वह रोजगार की तलाश में थी। इस दौरान उसे पता चला कि जगाधरी के बूडिया चौक के पास आरओ की एक दुकान है। जिस पर काम करने के लिए एक महिला की जरूरत है। इस दौरान वह दुकान पर जाकर दुकानदार विश्वकर्मा कॉलोनी जगाधरी निवासी प्रमोद कुमार से मिली। आरोपी ने उसे दुकान पर काम पर रख लिया। इस दौरान आरोपी ने उसे आरओ के कस्टमर पर कॉल करने का काम दिया। महिला ने बताया कि आरोपी शुरू से ही उसे पर गलत नजर रखने लगा। एक दिन वह दोपहर के समय दुकान पर काम कर रही थी। इस दौरान प्रमोद ने उसे दुकान की छत पर बुलाया। जब वह वहां पर गई तो आरोपी ने नीचे से दुकान बंद करके उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर दुकान से निकालने की बात कही। जिस कारण डर के कारण उसने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

#### वीडिया वायरल होने के डर से चुप रही

पीड़ता ने बताया कि उसने आरोपी की बात मानने से इनकार किया तो उसने कहा कि उसके पास उसकी अश्लील वीडियो है। जिसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे बदनाम कर देगा। इस डर से वह चुप रही। इस दौरान आरोपी ने उसे अलग-अलग स्थान पर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किसानों के भविष्य को ध्यान में रखकर शुरू किया गया दूरदर्शी अभियान : राणा

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया नवीन कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

किसानों की आय बढ़ाने, अन्न की बर्बादी रोकने व अन्न भंडारण व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ मंगलवार को शहर के सफल पैलेस में किया गया।

मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों और कृषि विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा किसानों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने किसानों के भविष्य को ध्यान में रखकर एक दूरदर्शी अभियान शुरू किया है। किसानों को देसी गाय आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए तथा रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जीवामृत जैसे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। इससे खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस ने किसानों से अपील की कि अपनी मेहनत से पैदा किए गए प्रत्येक दाने का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण करें। सुरक्षित अन्न भंडारण से न केवल खाद्यान्न की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य भी मिलेगा।



रादौर। अभियान का शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कृषि डीडीए आदित्य प्रताप डबास, सुरेंद्र चीमा, अवधेश राणा, मैनपाल, हेमराज कुंजल, सतीश सैनी, हरपाल कांबोज, वीरेंद्र हैप्पी, प्रीति लाल बकाना, हरबंस लाल सैनी, सुशील दत्ता व सांसद नवीन जिन्दल के रादौर हल्का प्रभारी सोनी कुमार आदि मौजूद थे।

### युवती ने दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी के ही राजू व शिव शंकर की उससे पहचान थी। इस दौरान आरोपियों ने फुसलाकर फरवरी 2025 से जून 2026 के बीच उसके साथ गलत काम किया व जान से मारने की धमकी भी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अपराध रोकने को लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला में अपराधों की रोकथाम व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन से अपने घरों, दुकानों व संस्थानों आदि में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का प अनुरोध किया है। ताकि जिला में आपराधिक किस्म के तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को अपने अपने अधीन क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों बारे जानकारी रिकार्ड में रखें। क्योंकि जब कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगानें हेतु प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की सहायता लेती है। ताकि समयनुसार अपराधियों का पता लगाकर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। आज के समय अपराधों की रोकथाम और अपराध अन्वेषण एवं छानबीन के लिए नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगनें के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध को रोकने के लिए सभी को सतर्क रहना जरुरी है। उन्होंने लोगों से सीसीटीवी कैमरा लगाकर पुलिस का सहयोग करने का अनुरोध किया है। एसपी कमलदीप गोयल ने कहा कि आम जनता पुलिस के बीच तालमेल से कार्य करने पर अपराधी पुलिस की नजर से बच नही सकता



### उपायुक्त प्रीति ने दयालु टू योजना की जिलास्तरीय समिति की ली बैठक

# आवारा पशुओं के हमले से प्रभावित परिवार को मिलेगी आर्थिक मदद

#### मृत्यु अथवा 70 फीसदी से अधिक अपंगता की स्थिति में अधिकतम 5 लाख मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना टू के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलास्तरीय समिति की बैठक लघु सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समिति की बैठक में दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत आवारा पशुओं जैसे कि गाय, सांड, बैल, भैंस, नीलगाय तथा कुत्तों के हमले या अथवा या उनसे हुई दुर्घटनाओं में मृत्यु, चोट अथवा दिव्यांगता की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत मृत्यु अथवा 70 प्रतिशत या उससे अधिक स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में पात्र परिवार को अधिकतम 5 लाख तक की सहायता राशि दी जाती है। जबकि 70 प्रतिशत से कम आंशिक दिव्यांगता के मामले में दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार तथा जिसकी राशि कर्मचारी मुआवजा अधिनियम 1923 के प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा प्रदान किया जाता है। कुत्ते के काटने से हुई चोट के मामलों में भी निर्धारित शर्तों के अनुसार आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कुत्ते के काटने की स्थिति में डॉक्टरों के लिए उपचार पर्ची पर दांतों की संख्या और घाव की गंभीरता का उल्लेख करना अनिवार्य है उन्होंने बताया कि इस स्कीम के तहत एफआईआर में घटना का पूरा विवरण कब, कहां और कैसे घटना हुई पुलिस द्वारा दर्ज किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का होना अत्यंत आवश्यक है।

#### परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत को मिलेगा लाभ

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जो परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत हों। जिनके साथ घटना हरियाणा राज्य की सीमा में घटित हुई हो तथा दुर्घटना या हमला आवारा पशु या जानवर के कारण हुआ हो। इसके साथ ही दावा घटना की तिथि से 90 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावों की जांच एवं स्वीकृति जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाती है। जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित उपमंडल अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होते हैं। ताकि सभी मामलों का निपटान समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से किया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए। जिससे जरूरतमंद और प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। इस अवसर पर छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, व्यासपुर के एसडीएम कुलदीप सिंह, डीएसपी रजत गुलिया,डीडीपीओ नरेंद्र सिंह व सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### बाबा बंसी वाले की पुण्यतिथि पर लगाया भंडारा

**रादौर।** भंडारे वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध बाबा बंसी वाले की पुण्य तिथि पर मंगलवार को शिव मंदिर अंधेरिया बाग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने बाबा को याद करते हुए भजन कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। बाबा बंसी वाले की पुण्यतिथि पर आयोजित कीर्तन के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने उन्हें याद किया। उनकी शिष्या कुसुम लता सिंगला ने बताया कि बाबा बंसी वाले निर्लेप आत्मा थे, उनका ध्येय नर सेवा ही नारायण सेवा था। वह गरीब अमीर छोटे बड़े सभी को समान मानते थे। जब उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया तो उन्होंने पूर्व में ही अपने अनुयायियों को बता दिया था। वे अपनी गद्दी पर किसी को बिठाकर नहीं गए उनका कहना था कि गद्दी किसी की नहीं है ना मैं गद्दी पर था। न कोई होगा। यह स्थान उसे अदृश्य शक्ति का है जो हम सबको एक खिलौने की तरह क्रीड़ा करवाता है। प्रतिवर्ष गुरु जी की पुण्यतिथि बड़े उत्साह से बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि बाबा बंसी वाले एक लंगोटी में रहकर अपना जीवन व्यतीत करते रहे। इस अवसर पर राजीव गोयल, अनिल कुमार, अविनाश, संगीता, अमित गुप्ता, सतीश कुमार, सोहनलाल, राजेंद्र, प्रमोद गोयल, विनेश शर्मा, अरविंद गुप्ता व कनिका आदि मौजूद थे।




### अगली पीढ़ी को स्वच्छ हवा देना हमारी जिम्मेवारी

**रादौर।** सैनी समाज रादौर के तत्वावधान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय उद्योग राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी के 58वें जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया। जिसका नेतृत्व प्रधान संदीप सैनी ने किया। संदीप सैनी ने कहा कि राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी हमेशा समाज सेवा और जनकल्याण के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उनके जन्मदिन पर पौधा लगाकर हमने प्रकृति को बचाने और हरित प्रदेश बनाने का संकल्प लिया है। पेड़ ही जीवन हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वच्छ पर्यावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और प्रदेश के विकास में निरंतर योगदान की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। पौधारोपण के बाद सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखभाल भी करेंगे ताकि वे बड़े होकर समाज को छाया और शुद्ध हवा दे सकें। इस अवसर पर राजू गुप्ता, देवी दयाल अरोड़ा, मोहन लाल अरोड़ा व जगन चौहान आदि मौजूद थे।

### देश के विकास में भूमिका निभाएं युवा : स्वामी

**यमुनानगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कार्य कर रहे माई भारत यमुनानगर द्वारा जिले में मेगा रजिस्ट्रेशन ड्राइव अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ माई भारत यमुनानगर की उप निदेशक ओंकार स्वामी ने किया। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। माई भारत की जिला उप निदेशक ओंकार स्वामी ने कहा कि इस अभियान के शुरु करने का मुख्य उदेश्य अधिक से अधिक युवाओं को माई भारत पोर्टल से जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा, नेतृत्व विकास एवं विभिन्न युवा कार्यक्रमों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि बताया कि जिले के सभी युवा, विशेषकर विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं आईटीआई के विद्यार्थी इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें और पंजीकरण करवाएं। स्वामी ने बताया कि सबसे पहले माई भारत पोर्टल पर जाकर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें तथा ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें। इसके बाद अपनी व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जानकारी भरें। स्वयंसेवक टाइप का चयन करते समय यदि कोई विद्यार्थी एनएसएस, एनसीसी या स्काउट गाइड का सदस्य है तो वह संबंधित विकल्प का चयन करें। यदि वह इनमें से किसी भी संगठन से जुड़ा नहीं है तो माई भारत वालंटियर विकल्प का चयन कर पंजीकरण पूर्ण करे। स्वामी ने बताया कि माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले युवाओं को समय समय पर विभिन्न स्वयंसेवी गतिविधियों, इएलपी प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कौशल विकास गतिविधियों, नेतृत्व विकास, सामुदायिक सेवा अभियानों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, फिटनेस, डिजिटल साक्षरता तथा अन्य राष्ट्रीय एवं सामाजिक अभियानों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है।



ओंकार स्वामी।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपत्ति घायल

**यमुनानगर।** गांव टोपरा खुर्द के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गुरु अर्जुन नगर जगाधरी निवासी प्रीतम कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी रीना के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव टोपरा खुर्द के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार से कर लेकर आ रहे गांव हड़ताल निवासी सुभाष ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उसकी पत्नी रीना को गंभीर चोटे आई। आसपास के लोगों ने उन दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कार चालक सुभाष के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन त्रिकोणा पार्क के पास युवक द्वारा किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी पर किशोरी के साथ जबरदस्ती दोस्ती करने का दबाव बनाने व जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल पर चैटिंग करने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की पर कृष शर्मा बुरी नजर रखे हुए था। उसकी लड़की जब भी घर से बाहर आती तो आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की पर जबरदस्ती दोस्ती करने का दबाव बनाया और उसे जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल पर चैटिंग करने का दबाव भी बनाया। उसकी लड़की के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ छेड़छाड़ की। 30 जून को उसकी लड़की मॉडल टाउन में किसी काम से आई थी। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की। उसकी लड़की ने घर जाकर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कृष शर्मा के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


## 447 करोड़ की लागत से किया तैयार, कल होगा ट्रायल

# 213 पिलर्स पर बने एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और स्टेशन का लोकार्पण 17 को: सुधा

## प्रधानमंत्री ऑनलाइन प्रणाली से करेंगे ट्रैक का उद्घाटन व सिख संग्रहालय का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि अब ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड रेलवे ट्रैक व एलिवेटिड रेलवे स्टेशन पूरा होने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जनता को समर्पित करने जा रहे हैं, जो शहर के विकास को तेज गति से बढ़ाने का काम किया जाएगा। करीब लगभग 447 करोड़ रुपए की लागत से तैयार रेलवे एलिवेटिड ट्रैक पर 9 जुलाई को ट्रायल किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को अपने सेक्टर-7 आवास कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस रेलवे ट्रैक की लंबाई पिहोवा रोड से कुरुक्षेत्र ब्लॉक सेक्शन तक 5.9 किलोमीटर है, वायडक्ट की लंबाई 4.8 किलोमीटर है, इस ट्रैक में 213 पिल्लर बनाए गए हैं, थानेसर शहर में रुकने के लिए एक स्टेशन का निर्माण किया गया है, इस स्टेशन पर प्लेटफार्म की लेंथ 15.8 मीटर है। इस प्रोजेक्ट के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से 206 करोड़ रुपए और मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे की तरफ से अन्य निर्माण कार्यों सहित कुल 446.84 करोड़ रुपए की सेंक्शन रेलवे विभाग की तरफ से दी गई है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी की बजाए ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड ट्रैक की मंजूरी देते हुए निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई थी। इस प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने अथक प्रयासों से एलिवेटिड ट्रैक व स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करवाया है।


कुरुक्षेत्र। शहर में बना रेलवे एलिवेटिड ट्रैक।


कुरुक्षेत्र। शहर में बना रेलवे एलिवेटिड ट्रैक।

### शहरवासियों के साथ मिलकर मनाया जाएगा जश्न

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा के ड्रीम प्रोजेक्ट एलिवेटिड ट्रैक व स्टेशन के उद्घाटन के उपरांत शहरवासियों के साथ जश्न मनाया जाएगा। सबकी इच्छा है कि आकाश में रंग बिरंगी आतिशबाजी भी की जाए। इस कार्यक्रम में सभी नगर पार्षद और गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

### प्रधानमंत्री 124 करोड़ की लागत से बनने वाले सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखेंगे

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से उनके ड्रीम प्रोजेक्ट रेलवे एलिवेटिड ट्रैक प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही उमरी में 5 एकड़ में लगभग 124 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थानेसर के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। सभी को सुबह 8 बजे पहुंचने का समय दिया गया है। ताकि प्रधानमंत्री ऑनलाइन प्रणाली से जुडकर इस प्रोजेक्ट का उद्धदघाटन कर सकें। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहेंगे।



### पांच फाटकों पर जाम से मिलेगी निजात

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र से जींद रेलवे मार्ग पर शहर में करीब 5 रेलवे क्रॉसिंग आती हैं, जो मात्र तीन किलोमीटर में बने हुए हैं। इनमें पुरानी बस स्टैंड, मेन बाजार, महाराणा प्रताप चौक, सरकारी अस्पताल के सामने और यूनिवर्सिटी थर्ड गेट पिहोवा रोड की तरफ जाने वाली क्रॉसिंग शामिल है। जब भी रेलगाड़ी को जींद की ओर या कुरुक्षेत्र की ओर आना-जाना होता था तो ये फाटक बंद हो जाते थे और शहर में एक बार फाटक बंद होने से एक-एक घंटे तक जाम की स्थित बनी रहती थी।

### शहर के बाजार के व्यापार में होगी वृद्धि

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि रेलवे एलिवेटिड ट्रैक व रेलवे स्टेशन के शुरू होने से शहर के व्यापार में वृद्धि होगी। अब तक फाटकों पर लंबे-लंबे जाम को देखते हुए व्यापारी छोटे बाजार के व्यापारियों के साथ व्यापार करने में पीछे हटते थे, लेकिन एलिवेटिक ट्रैक व स्टेशन बनने जाम नहीं लगेगा और इस जाम न होने के कारण व्यापारियों का बाजार में आवाजाही बढ़ेगी। इससे पुराने शहर के बाजार के व्यापार में वृद्धि होगी।

## पुलिस कर्मी को दांत से काटकर भागने के आरोपी का एनकाउंटर

### सीआईए-2 से मुठभेड़, पैर में गोली मारकर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सोमवार देर शाम को गांधी नगर के पास युवकों पर गोली चलाने के आरोपियों को असला सप्लाई करने के आरोपी के साथ कुरुक्षेत्र पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मारकर आरोपी को काबू कर लिया। सोमवार देर रात अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम मामले में असला सप्लाई करने के आरोपी विशाल उर्फ विक्की सोढ़ी वासी सोढ़ी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके असला बरामदगी के लिए गांव सोढ़ी लेकर गई थी। असला बरामदगी के बाद वापस लोटते समय नैशनल हाइवे-44 और गांव उमरी के बीच में आरोपी ने बाथरूम जाने का बहाना बनाकर गाड़ी को रुकवाया। जब पुलिस कर्मचारी आरोपी को गाड़ी से नीचे उतारकर बाथरूम के लिए लेकर गए तो आरोपी पुलिस कर्मचारी की बाजू पर दांत से काटकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने हवाई फायर करते हुए आरोपी को रुकने की चेतावनी दी लेकिन आरोपी नही रुका तो पुलिस ने आरोपी के पैर मे गोली मारकर उसे काबू किया। पुलिस ने आरोपी को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि 14 जून को सुबह करीब 3 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गांधी नगर के पास कार सवार युवक ने दो युवकों पर गोली चलाकार भाग गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन आफ क्राईम को मौका बुलाकर छानबीन की गई। घायल युवक अमन वासी कीर्ति नगर व प्रिंस वासी गांधी नगर को सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच आपराध शाखा को सौपकर आरोपियों को गिरफतार करने के आदेश दिए थे।


कुरुक्षेत्र। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी।

### 2 देसी कट्टा, 4 मैगजीन तथा 20 जिंदा रौंद बरामद

निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि आरोपी विशाल उर्फ विक्की सोढ़ी को गांधीनगर में गोली चलाने के मामले में गांव जापुवाला जिला गुरदासपुर पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी से उसके गांव सोढी से 2 देसी कट्टा, 4 मैगजीन तथा 20 जिंदा रौंद बरामद किए गए।

## वरिष्ठ पत्रकार जसबीर सिंह दुग्गल को मिला 'वरिष्ठ पत्रकार सम्मान-2026'

कुरुक्षेत्र। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की आवाज को बुलंद करने और निष्पक्ष एवं जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के लिए समर्पित वरिष्ठ पत्रकार जसबीर सिंह दुग्गल को 'वरिष्ठ पत्रकार सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें सृष्टि एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में उनकी उत्कृष्ट पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में सृष्टि एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जरनैल सिंह रंगा ने मुख्य मंच पर प्रशस्ति-पत्र भेंट कर जसबीर सिंह दुग्गल को सम्मानित किया।

## सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर आशा वर्कर्स ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर सोमवार को कुरुक्षेत्र में आशा कार्यकतार्ओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नाम मांगपत्र सौंपकर अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर 21 जुलाई को पंचकूला में राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सचिव पिंकी, जिला प्रधान मनजीत, राज्य उपाध्यक्ष रानी देवी तथा सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार मौजूद रहे। यूनियन नेताओं ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि वर्ष 2025 में केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1500 रुपये की मानदेय वृद्धि तुरंत लागू की जाए तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को स्थायी स्वास्थ्य कार्यक्रम बनाकर आशा कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा आशा कार्यकतार्ओं को छह माह का सवेतन मातृत्व अवकाश, 20 दिन का आकस्मिक अवकाश, चिकित्सा अवकाश तथा पेंशन की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई गई।



## बारिश ने दी गर्मी से राहत, जलभराव ने बढ़ाई मुसीबत

### तापमान 42 से लुढ़ककर 28 डिग्री पर पहुंचा, किसानों के लिए बनी संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

मंगलवार दोपहर हुई बारिश ने भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी। पिछले कई दिनों से तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा था, लेकिन बारिश के बाद तापमान गिरकर करीब 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम सुहावना होने से लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। बारिश के बाद स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों ने राहत महसूस की। वहीं किसानों ने भी बारिश का स्वागत किया, क्योंकि धान की रोपाई का समय चल रहा है और बारिश से खेतों में नमी बढ़ने से खेती के कार्य में मदद मिलेगी। हालांकि बारिश के साथ शहर में जलभराव की समस्या भी सामने आई। नगर के कई क्षेत्रों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर पानी भर गया। कई स्थानों पर सड़कें गड्ढों में तब्दील होने से जलभराव के बीच दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल होते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश के बाद जलभराव की समस्या से राहगीरों को जूझना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। लोगों ने प्रशासन से शहर की जल निकासी व्यवस्था में सुधार कर नागरिकों को राहत दिलाने की मांग की।


शाहबाद। बारिश से सड़क पर हुआ जलभराव।

- जल निकासी के समाधान की मांग

## हलहारिणी अमावस्या पर पौधरोपण से मिलेगा पितरों का आशीर्वाद : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने कहा कि आषाढ़ अमावस्या, जिसे हलहारिणी अमावस्या भी कहा जाता है, इस वर्ष उदय तिथि के अनुसार 14 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन पितरों के तर्पण के साथ कृषि यंत्रों की पूजा का विशेष महत्व है। किसानों द्वारा अच्छी फसल की कामना के लिए हल व अन्य कृषि उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि अमावस्या के दिन नदी या सरोवर में स्नान, दान तथा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का अभिषेक करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। दोपहर के समय पितरों का तर्पण व धूप-ध्यान करने की भी परंपरा है। रामराज कौशिक ने कहा कि हलहारिणी अमावस्या पर पीपल, नीम, बरगद जैसे छायादार वृक्षों का पौधारोपण करना अत्यंत शुभ माना गया है। वर्षा ऋतु में लगाए गए पौधे आसानी से विकसित होते हैं और धार्मिक मान्यता के अनुसार इससे पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। घर में आंवला, बेलपत्र, अशोक, अमरूद, जामुन व अन्य फूलदार पौधे लगाने से भी देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अमावस्या के दिन काली चींटियों को शक्कर मिला आटा खिलाना, मछलियों को आटे की गोलियां डालना तथा पीपल के वृक्ष पर जल अर्पित कर पूजा करना शुभ माना जाता है। वहीं संध्या के समय घर के ईशान कोण में गाय के घी का दीपक लाल धागे की बत्ती और केसर के साथ जलाने से मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।



### अमावस्या का समय

पंडित कौशिक के अनुसार आषाढ़ अमावस्या तिथि 13 जुलाई शाम 6:49 बजे शुरू होकर 14 जुलाई दोपहर 3:12 बजे समाप्त होगी। उदय तिथि के अनुसार व्रत एवं पूजा 14 जुलाई को की जाएगी।

## राज्य स्तरीय साहित्यकार सम्मान से सम्मानित होंगी कवयित्री नीलम पांचाल

कुरुक्षेत्र। गीता नगरी कुरुक्षेत्र की सुप्रसिद्ध कवयित्री नीलम नरेश पांचाल को राज्य स्तरीय 'रूप नारायण चाणना' स्मृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 12 जुलाई को करनाल में साँझा साहित्य मंच द्वारा आयोजित एक दिवसीय साहित्य उत्सव के दौरान प्रदान किया जाएगा। नीलम नरेश पांचाल वर्तमान में हरियाणा शिक्षा विभाग में मौलिक मुख्य अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व उन्हें उनकी चर्चित कहानी 'पागल' के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी अनेक कविताएँ आकाशवाणी कुरुक्षेत्र से प्रसारित हो चुकी हैं। वे देशभक्ति, नारी सशक्तिकरण, जन-जागरण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली लेखन के लिए जानी जाती हैं। साहित्य उत्सव की अध्यक्षता नव चेतना मंच के अध्यक्ष एस. पी. चौहान करेंगे। कार्यक्रम में दिल्ली आकाशवाणी के उद्घोषक एवं हिंदी अकादमी के पूर्व उप सचिव ऋषि कुमार शर्मा मुख्य अतिथि तथा जिला शिक्षा अधिकारी, करनाल रोहतास वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साँझा साहित्य मंच के अध्यक्ष कृष्ण कुमार निर्माण एवं महासचिव सतविंदर राणा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशभर के लगभग 27 साहित्यकारों को विभिन्न साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन, युवा कवि सम्मेलन तथा दिवंगत साहित्यकारों के परिजनों का सम्मान भी किया जाएगा।



## केयू कौशल रोजगार संघ शीघ्र ही सीएम से मिलकर सौंपगा मांगों का ज्ञापन : तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के परिसर में कौशल रोजगार निगम संघ की कार्यकारिणी की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान गुरदीप तंवर ने की। बैठक मे फैसला किया गया कि कौशल रोजगार निगम के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर जल्दी ही मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपा जाएगा। उनकी मांगों में मुख्य रूप से विश्वविद्यालयों में कार्यरत कौशल रोजगार कर्मचारियों को जल्दी से जल्दी अपनी घोषणा के अनुसार जॉब सिक्योरिटी एक्ट मे शामिल किया जाए ताकि डर के साए मे कार्य कर रहे कर्मचारी सही से काम कर सकें। दूसरा जॉब सिक्योरिटी एक्ट की 14 अगस्त 2024 वाली शर्त को बढ़ा कर 31 दिसंबर 2025 किया जाए ताकि हरियाणा भर मे लगे लाखों कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभ मिल सके। तीसरी मांग के बारे मे बताते हुए संघ के प्रधान गुरदीप तंवर ने बताया कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी मे कार्यरत कौशल निगम कर्मियों को भी टीचिंग व नॉन टीचिंग कर्मियों की तरह फाइव डे वीक लागू किया जाए क्योंकि हम भी नियमित कर्मचारियों के साथ काम करते हैं श्रमिक कानून के तहत शनिवार की छुट्टी का हमारा हक बनता है। उन्होंने बताया कि इन सभी मांगो व अन्य मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से शीघ्र ही मिलने का फैसला किया गया है। बैठक में संघ के सभी कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## आदेश अस्पताल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



कुरुक्षेत्र। वनमहोत्सव के अवसर पर मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संदेश के साथ पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अस्पताल के प्रबंध निदेशक एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गुणतास सिंह गिल ने प्रशासनिक अधिकारियों, मेडिकल स्टूडेंट्स तथा स्टाफ के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये भी और पौधे वितरित भी किया। इस अवसर पर डॉ. गुणतास सिंह गिल ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल भी करे। वनमहोत्सव केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संकल्प है। यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है।

कार्यक्रम

### 'बीटेक पानी पूरी वाली' तापसी उपाध्याय का गीता कन्या विद्यालय में भव्य स्वागत

# कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर चुनौतियों का सामना करें छात्राएं : तापसी उपाध्याय

छात्राओं को आत्मनिर्भरता के प्रति प्रेरित करना रहा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को देश की प्रसिद्ध इन्फ्लुएंसर, सोशल एंटरप्रेन्योर एवं हेल्थ एक्टिविस्ट तापसी उपाध्याय का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन बाला ने अतिथियों का परिचय कराया तथा तापसी उपाध्याय का पुष्पमाला, उत्तरीय और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर साइंस में बीटेक और बीए (एचईपी) की डिग्री प्राप्त तापसी उपाध्याय वर्तमान में अपनी रॉयल एनफील्ड बुलेट पर 'ओबेसिटी मुक्त भारत-इंडिया टूर' चला रही हैं। इस अभियान के तहत वह अब तक 20 राज्यों और 200 से अधिक शहरों में लगभग 600 जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पांच लाख से अधिक युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर चुकी हैं। इस अवसर पर बालिका शिक्षा प्रांत प्रभारी सरोज सैनी ने छात्राओं से अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने और समाज की मयार्दाओं का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया।


कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

### जंक फूड से बचने का भी दिया संदेश

ग्रामीण शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष गुलशन ग्रोवर ने कहा कि एक सशक्त महिला पूरे समाज को सशक्त बना सकती है तथा कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। सफलता के लिए गुरुजनों और माता-पिता के मार्गदर्शन का अनुसरण करना आवश्यक है। मुख्य वक्ता तापसी उपाध्याय ने छात्राओं से कहा कि वे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर चुनौतियों का सामना करें और जीवन में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि करियर के साथ अच्छा चरित्र और सेवा भावना भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम एवं योग, पर्यावरण संरक्षण, परिवार के साथ समय बिताने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के पांच मूल मंत्र बताए। साथ ही जंक फूड से बचने, मोटापे के दुष्प्रभावों को समझने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संकुल प्रमुख एवं गीता निकेतन विद्या मंदिर, मोहन नगर के प्रधानाचार्य यशपाल वधवा, तापसी उपाध्याय के दोनों भाई, राजकुमारी, मंजुला, डॉ. ममता सूद, किरण गर्ग, अनिल कुलश्रेष्ठ सहित विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। अंत में यशपाल वधवा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### किसानों को प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

**शहजादपुर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत उपमंडल के गांव उज्जल माजरी एवं कुलड़पुर तथा खंड शहजादपुर के गांव भेड़ों और हांडी खेड़ा में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में किसानों को प्राकृतिक खेती, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश, विषय विशेषज्ञ (सस्य) डॉ. दीपक कुमार, खंड कृषि अधिकारी डॉ. कुलदीप, सुपरवाइजर सहदेव तथा रितु उपस्थित रहे।

### योग साधकों ने दी वैवाहिक वर्षगांठ पर शुभकामनाएं

**शहजादपुर।** भारतीय योग संस्थान के वरिष्ठ योग साधक पंडित रमाशंकर एवं उनकी धर्मपत्नी शीला देवी जी की वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर योग साधकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साधकों ने कहा कि पंडित रमाशंकर जी लगभग 70 वर्ष की आयु में भी नियमित योग, प्राणायाम एवं व्यायाम के माध्यम से स्वयं को पूर्णतः स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए हुए हैं। उनका अनुशासित जीवन, सकारात्मक सोच और योग के प्रति समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### बीएलओ को जमा करवाएं फार्म

**अंबाला।** उपमंडल अधिकारी एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी कनिका गोयल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म उपलब्ध करा रहे है। और उन्हें एकत्रित कर डिजिटाईज भी करने का कार्य तेजी से कर रहे है। इसके साथ मतदाता चाहें तो भरा हुआ फार्म स्वयं भी अपने बूथ लेवल अधिकारी को जमा करवा सकते हैं।

### स्कूलों में टाई पर लगे प्रतिबंधः सीपीआई

**बराड़ा।** भिवानी में हाल ही में स्कूल ड्रेस पहने एक सात वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत के बाद रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के खेल प्रकोष्ठ ने प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की स्कूल यूनिफॉर्म में गले में पहनी जाने वाली टाई तथा सेफ्टी पिन वाले बैज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### आठवें वेतन आयोग की शर्तों पर पेंशनर्स ने जताई नाराजगी

**जींद।** आबकारी एवं कराधान वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को जाट धर्मशाला में अध्यक्ष नरेंद्र सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आठवें वेतन आयोग की टर्म्स ऑफ रेफरेंस, पेंशनर्स के हितों, एलटीसी सुविधा तथा वार्षिक वेतनवृद्धि से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार से कई मांगें उठाई गईं। बैठक का एजेंडा प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह जागलान ने प्रस्तुत किया।

## बोले, अफसर जानबूझकर खारिज कर रहे हैं विकास योजनाएं

# अफसरशाही के आगे सांसद बेबस, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मीटिंग छोड़कर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- लोकसभा सांसद ने भी राज्यसभा सांसद का किया समर्थन, कहा अफसर उनके कार्यों को भी लटका रहे

अफसरशाही के आगे अब सांसद भी बेबस नजर आ रहे हैं। सांसदों की ओर से प्रस्तावित की जा रही विकास योजनाओं पर अफसर निरंतर कैंची चला रहा है। इसी बात से खफा होकर मंगलवार को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की मीटिंग छोड़कर चले गए। उनका आरोप था कि सांसद निधि के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों को अधिकारी लगातार खारिज कर रहे हैं। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अधिकारियों के इस रवैये बेहद कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद उन्होंने मीटिंग का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। अधिकारियों के रवैये पर ऐतराज जाते हुए सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि उनके द्वारा सुझाए गए जनहित के कार्यों को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर उनके द्वारा दिए गए कार्यों को इसी तरह रिजेक्ट ही करना है तो उनका इस मीटिंग में मौजूद रहने का कोई औचित्य नहीं है। नाराजगी जाहिर करते हुए वे अपनी कुर्सी से उठे और मीटिंग को बीच में ही छोड़कर चले गए। इस पूरे घटनाक्रम पर लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने भी राज्यसभा सांसद का समर्थन किया। चौधरी ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सिर्फ राज्यसभा सांसद ही नहीं बल्कि उनके द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों को भी बेवजह अटकाया जा रहा है।इससे पहले दोनों सांसदों का यहां पहुंचने अधिकारियों की ओर से अभिनंदन किया गया था। मीटिंग के दौरान लोकसभा सांसद वरूण चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पिछली बैठक के निर्णयों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त अजय सिंह तोमर, मेयर अक्षिता सैनी, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती भी मौजूद रहीं।


अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते लोकसभा व राज्यसभा सांसद।

### योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

बै लोकसभा सांसद ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, राष्ट्रीय कैरियर सेवा, ई-श्रम पोर्टल, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, खेलों इंडिया, भारत नेट, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजीटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, डिजीटल इंडिया, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना, अमरूत योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान-पीएम कुसुम, पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, पोषण अभियान, समेकित बाल विकास योजना, डिजीटल इंडिया, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरी व ग्रामीण, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, समग्र शिक्षा, बाल सरंक्षण एवं सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ-साथ एजेंडे में रखे बिदुओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद वरुण चौधरी ने बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था से जुड़े विषय पर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था का कार्य बेहतर तरीके से हो। इसके साथ-साथ उन्होंने सफाई व्यवस्था जैसे नालों व ड्रेनों की सफाई को लेकर बनाए जाने वाले वर्क प्लान की जानकारी भी कमेटी को देने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था के कार्य में पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से भी एजेंडे में रखे बिंदुओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सैम बच्चों का स्वास्थ्य की जांच करवा दी गई है। उनकी डाइट में चुरमा भाटी भी जोड़ा गया है ताकि ये बच्चे भी और अधिक पौषण ले सकें। डिजिटल इंडिया-अटल सेवा केंद्र को लेकर सांसद ने जिला प्रबधंक को निर्देश दिए कि सभी गांवों में सीएससी सेंटर होने सुनिश्चित होने चाहिए।

### सांसद ने योजनाओं की प्रगति परखी

सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि सरकार की जितनी भी योजनाएं क्रियान्वित है वे सभी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर सभी अंकित होनी चाहिए ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में सुगमता हो। मौके पर एमपीलैड के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति जानी, जनऔषधि केंद्र, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल शक्ति अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम भारती जनऔषधि परियोजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पीएम कुसुम-2 योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग का लालच देकर 58 लाख ठगे

### गाजियाबाद से दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना साइबर क्राइम पुलिस लगातार साइबर ठगों को काबू कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में थाना साइबर पुलिस की टीम ने लाखों रूपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। साइबर पुलिस के उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने 20 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 13 जनवरी 2026 से 29 अप्रैल के बीच सेक्टर-1 अंबाला शहर में आरोपियों ने फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग में लाखों रूपये कमाने का लालच देकर उससे लगभग 58 लाख रूपये ठग लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान यूपी के गाजियाबाद के कैलाश व सतपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से ठगी गई राशि बरामद की जाएगी। आरोपियों के खिलाफ पहले भी साइबर ठगी से संबंधित मामले दर्ज है।


अंबाला। ठगी के मामले में काबू आरोपी।

### हरबिलास हत्याकांडः आरोपी जिप सदस्य से आई 20 कार जब्त, गैंगस्टर को भेजी थी सूचनाएं

**नारायणगढ़।** 24 जनवरी को हुए बहुजन समाज पार्टी के नेता हरबिलास रज्जूमाजरा हत्याकांड मामले में सीआईए-1 टीम ने वार्ड नंबर-5 जिला परिषद के सदस्य रजत जंटी से आई-20 कार व पिस्टल बरामद की है। यह कार आरोपी ने हरबिलास हत्याकांड वाले दिन इस्तेमाल की थी। अपने रिश्तेदार के जरिये सूचना मास्टर माइंड वेंकट गर्ग तक विदेश भी पहुंचाई थी।सोमवार को टीम ने तीन दिन का पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि जॉर्जिया से भारत लाए गए वेंकट गर्ग से रिमांड के दौरान रजत जंटी का नाम सामने आया था। आरोपी है कि रजत पल-पल की खबर दे रहा था। सीआईए- 1 की टीम अब इस मामले में वेंकेट को मदद पहुंचाने वाले चार अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए यूपी, हरियाणा व पंजाब में दबिश दे रही है। इस मामले में अभी तक 23 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और एक शूटर सागर एनकाउंटर में ढेर हो चुका है।

## रोटरी क्लब ने 50 पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोटरी क्लब ऑफ अंबाला द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अंबाला छावनी स्थित एसडी सोसायटी कार्यालय में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों एवं एसडी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने मिलकर 50 पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में क्लब के सचिव रोटेरियन डॉ. आरआर सूरी ने मुख्य अतिथियों डिप्टी गवर्नर रोटेरियन नरेश भारद्वाज एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रोहित गुप्ता का स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में सूरी ने कहा कि “रोटरी परिवार द्वारा लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य उपहार है। पर्यावरण संरक्षण केवल आज की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. विवेक मल्होत्रा का जन्मदिन भी मनाया गया। सभी सदस्यों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ. आशावंत, सुरिंदर गोयल, सुनील अग्रवाल, पंकज गुप्ता, संदीप गुप्ता गणेश सबरवाल, अशोक भल्ला, पवन सेठी तथा विशेष अतिथि श्री नवीन गुलाटी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।


अंबाला। पौधरोपण करते क्लब के पदाधिकारी।

### सैन्य अधिकारी के आवास से चोरी, कीमती सामान ले गए चोर

**अंबाला।** चोरों ने छुट्टी पर गए लेफ्टिनेंट के सरकारी आवास को निशाना बनाया। ताला तोड़कर दो तोले की सोने की चेन व चार हजार रुपये की नकदी व बाथरूम से 8 टोंटियां चोरी कर लीं। घटना की सूचना मिलते ही सेना व इलाका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस इलाके के सीसीटीवी भी खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। पुलिस को दी शिकायत में 2 मराठा लाइट टेंगा में तैनात लेफ्टिनेंट भूषण कुमार ने बताया कि उनका परिवार राजेंद्र सिंह एन्क्लेव स्थित सरकारी आवास में रहता है। 23 मई को बच्चों की स्कूल की छुट्टियां होने के कारण उनका परिवार ससुराल गया था।

## स्कूली छात्रों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बच्चों ने अपने हाथों में रंग-बिरंगे पोस्टरों और स्लोगनों की पट्टियां थाम रखी थी जिनके माध्यम से उन्होंने स्थानीय लोगों को मतदान और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रति जागरूक किया। इस विशेष मौके पर स्कूल इंचार्ज जसविंद्र सिंह, प्रवक्ता शशिभूषण, सुमन कौर, संदीप कौर, अमित डीपी, अजय कुमार और शिवानी सहित स्कूल के अन्य स्टाफ सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे और बच्चों का मार्गदर्शन किया। स्कूल की मुख्याध्यापिका नीलम पघानी ने इस मौके पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाता गणना का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके बाद 21 जुलाई को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन किया जाएगा।


अंबाला। रैली निकालते स्कूली छात्र।

## खनन क्षेत्र में हरित विकास की नई दिशा सामाजिक सरोकारों पर भी रहेगा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की दिशा में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपनी 60वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान भविष्य की विकास रणनीति साझा की। कंपनी ने स्पष्ट किया कि आने वाले वर्षों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, सामुदायिक विकास और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

कंपनी की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण खनिजों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में घरेलू स्तर पर इन संसाधनों के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदायों के हितों को भी समान महत्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा परिवर्तन और बहु-धातु उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

बैठक में बताया गया कि कंपनी अगले पांच वर्षों में अपनी उत्पादन क्षमता 1.1 मिलियन टन से बढ़ाकर 2 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने की दिशा में कार्य करेगी। इसके लिए 40 से 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही टंगस्टन, पोटाश, रेयर अर्थ एलिमेंट्स और मोनाजाइट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों में भी विस्तार किया जा रहा है।

## स्कूली छात्रों को सुरक्षित डिजिटल संसाधनों के उपयोग की दी जानकारी

- अंबाला छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में हुआ साइबर सुरक्षा जागरूकता वेबिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं साइबर पीस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। वेबिनार में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर ठगी से बचाव, सुरक्षित पासवर्ड के उपयोग, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, फिशिंग, साइबर बुलिंग तथा डिजिटल पहचान की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इंटरनेट का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना समय पर संबंधित व्यक्तियों को देने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की स्नातकोत्तर शिक्षिका (कंप्यूटर विज्ञान) श्वेता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और डिजिटल संसाधनों का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र लांबा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण के साथ-साथ विद्यार्थियों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




### पार्क अस्पताल मोहाली में 16 घंटे के नवजात शिशु की जीवन रक्षक सर्जरी

**चंडीगढ़।** दुर्लभ बीमारी, जन्मजात डायाफ्रामिक हर्निया (सीडीएच) से पीड़ित 16 घंटे के एक नवजात शिशु की पार्क अस्पताल, मोहाली में सफल जीवन रक्षक सर्जरी की गई। सीडीएच एक गंभीर जन्मजात विकार है जो लगभग 10,000 में से 1 से 4 नवजात शिशु में देखा जाता है। इसमें डायाफ्राम में छेद होने के कारण पेट के अंग छाती की कैविटी में चले जाते हैं, जिससे फेफड़ों के विकास और सांस लेने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। गर्भावस्था के दौरान प्रसव-पूर्व अल्ट्रासाउंड के जरिए नवजात शिशु में इस बीमारी का पता चला था। जन्म के तुरंत बाद, बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होने लगी और उसे स्थिति को स्थिर करने तथा वेंटिलेटर सपोर्ट के लिए तुरंत पार्क अस्पताल के नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया। जांच के दौरान, डॉक्टरों ने पाया कि लिवर का दाहिना हिस्सा, गॉलब्लैडर, और छोटी व बड़ी आंत के कुछ हिस्से छाती की दाहिनी कैविटी में चले गए थे, जिससे विकसित हो रहे फेफड़े काफी हद तक दब गए थे।

## लूट के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस की सीआईए-1 टीम ने महिला की कान की बाली लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया। पीड़ित महिला ने 22 जून 2026 को थाना अंबाला शहर में शिकायत दी थी कि 15 जून 2026 को सुदर्शन ऑडिटोरियम अंबाला शहर के पास से बाइक सवार आरोपी उसके कान की बाली लूट कर भाग गए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया। इनमें सुखदेव सिंह उर्फ गगन वासी गांव पिलखनी व जसप्रीत सिंह वासी गांव कोड़वा खुर्द शामिल हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## नगर निगम के दावों की खुली पोल, लोग बोले नालों की सही ढंग से नहीं हुई सफाई

# आधे घंटे की बरसात से शहर पानी-पानी, दो-दो फीट पानी जमा

- बरसाती सीजन में अफसरों की लापरवाही से बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


मानसून की पहली तेज बारिश ने अंबाला शहर को घुटनों पर ला दिया। देश की सबसे बड़ी कपड़ा मार्केट से लेकर नदी मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला, नगर निगम कार्यालय के बाहर और कई मुख्य सड़कें देखते ही देखते तालाब में बदल गईं। मानसून से पहले नगर निगम ने दावा किया था कि नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस बार जलभराव नहीं होगा. कपड़ा व्यापारियों ने बताया कि केवल आधे घंटे की बारिश में पूरी मार्केट पानी से भर गई है। हर साल यही समस्या सामने आती है। कुम्हार मोहल्ला के जगदीश कहते हैं कि बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गंदे पानी में होकर गुजरने को मजबूर हैं। नालों की समय पर और सही तरीके से सफाई हुई होती तो हालत इतनी खराब क्यों होती।


अंबाला। रिहायशी कॉलोनी में जमा पानी का दृश्य।

### गंदा पानी हुआ जमा

मानसून की पहली तेज बारिश ने अंबाला शहर की बदहाल व्यवस्था की ऐसी तस्वीर सामने रख दी है, जिसने नगर निगम और प्रशासन के तमाम दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। महज आधे घंटे हुई बारिश ने पूरे शहर को पानी से भर दिया। तमाम रिहायशी कॉलोनियों में भी जलभराव हो गया। लोग गंदे पानी में घुटनों तक चलने को मजबूर दिखे जबकि कई दोपहिया वाहन बीच सड़क में ही बंद हो गए। जहां सड़क निर्माण का काम चल रहा है वहां कीचड़ और फिसलन के कारण लोगों के चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आईं। पहली ही बारिश ने दावों को पानी में बहा दिया।

### जल निकासी का कोई मास्टर प्लान नहीं करोड़ों खर्च के बाद भी स्थिति नाजुक



**अंबाला।** अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने प्रशासन और सरकार की जल निकासी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि अंबाला शहर में पानी की निकासी के लिए अब तक कोई ठोस मास्टर प्लान तैयार नहीं किया गया। यही कारण है कि थोड़ी सी बरसात होते ही पूरा अंबाला शहर डूब जाता है और स्थानीय जनता को भारी आर्थिक नुकसान सहना पड़ता है। विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि शहर में दिखाने के लिए बहुत सी नालियों और नालों का निर्माण तो किया गया, लेकिन बिना किसी मास्टर प्लान के किए गए इस काम के कारण करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद धरातल पर स्थिति बेहद नाजुक है। मानसून की हल्की बारिश में भी पूरा शहर जलमग्न (पानी-पानी) हो जाता है। चौधरी निर्मल सिंह ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले शहर के बाहरी (आउटर) नालों का विस्तृत दौरा किया था। इस दौरान एक बेहद चौंकाने वाली तकनीकी खामी सामने आई।